NCC 36 झारखंड बटालियन

गुरु नानक कॉलेज धनबाद (6/36 coy)

कैंप RD-1 (बरौनी, बिहार) ,

दिनांक 27/10/2023 से 5/11/2023 तक

नेशनल कैडेट कोर (NCC) द्वारा बिहार और झारखंड स्तर पर आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कैंप R/D -1 का आयोजन बिहार के बरौनी में दिनांक 27/10/ 2023 से 05/11/2023 तक आयोजित किया गया। जिसमें बिहार और झारखंड से एनसीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों ने हिस्सा लिया। इस कैंप में अवसर प्राप्त करने से पहले CATC जैसे कठिनाई भरे तीन कैंपों को सफलतापूर्वक पूर्ण करना पड़ता है। जिसमें 36 झारखंड बटालियन के नेतृत्व में कंपनी नंबर 6/36 एनसीसी गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के दो कडेट शामिल हुए। कैडेट प्रेम कांत विश्वकर्मा, पिता- हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, रजिस्ट्रेशन नंबर- 306852/22, कैडेट अभिजित महतो, पिता- विश्वामित्र महतो ,रजिस्ट्रेशन नंबर-306837/22, ने RD-1 कैंप में ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न गतिविधियां जैस सैन्य कौशल, शारीरिक दक्षता, मानसिक दक्षता परीक्षा , संवाद कौशल एवं युद्ध कौशल जैसे कठिन प्रशिक्षण को प्राप्त कर निरंतर संघर्षों से जूझते हुए सफलतापूर्वक कैंप को पूर्ण किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। यह कैंप एनसीसी के सिद्धांतों को मजबूती से स्थापित करने में सफल रहा। प्रतिभागियों ने न केवल नई क्षमताएँ हासिल कीं, बल्कि सामुदायिक सेवा के प्रति भी अपनी जिम्मेदारियों को समझा। एनसीसी का यह प्रयास भविष्य में भी जारी रहने की उम्मीद है।महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय सिंह ने कडेटों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजय प्रसाद ने सभी कैडेट की भूरि- भूरि प्रशंसा करते हुए, इस गौरवान्वित क्षण पर साधुवाद किया तथा जीवन में निरंतर ऐसी सफलताप्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

BN NCC DHANBAD
NATIONAL CADET CORPS
UNITY & DISCIPLINE

BATTALION